## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सल पीड़ित परिवार के लिए शिविर का आयोजन आज से

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिला प्रशासन के द्वारा नक्सल पीड़ित परिवार को सुविधा प्रदान करने के लिए 06 सितंबर से 08 सितंबर तक रेसीडेंशियल पोटा केबिन बस स्टैंड के पास बीजापुर में शिविर का आयोजित किया जा रहा है। पुनर्वास योजना अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवारों को आयुष्मान कार्ड, बस पास, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड जारी किया जाएगा। स्थापना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर बीजापुर ने बताया कि जिला बीजापुर के अंतर्गत अलग-अलग नक्सल घटना एवं आत्मा समर्पित नक्सलियों तथा नक्सल पीड़ितों के द्वारा के कलेक्टर कार्यालय में पुनर्वास योजना के तहत कुल 331 आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण, योजना का लाभ दिए जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है, और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### थाने में घूसकर पादरी की पिटाई करने वाले सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** धर्मांतरण की शिकायत पर एक पादरी पर थाने के भीतर घूसकर हमला करने वाले सात लोगों के खिलाफ पुरानी बस्ती पुलिस ने एफ आईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में शुरू कर दी है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने पादरी पर हमला करने के मामलें में संभव शाह, विकास मित्तल, मनीष साहू, शुभंगर द्विवेदी, संजय सिंह, अनुरोध शर्मा, शुभम अग्रवाल एवं अन्य के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 147 और 34 भादवि के तहत एफआईआर दर्ज किया है। ज्ञात हो कि भाटागांव इलाके में धर्मांतरण की शिकायत पर पुलिस ने ईसाई संगठन के लोगों को थाने में बुलाया था। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों में से उक्त आरोपियों ने पहले थाना का घेराव किया, फिर थाने के भीतर जमकर हंगामा मचाते हुए थाना प्रभारी के कक्ष में घूसकर पादरी की जूते से पिटाई कर दी थी।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत,एक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के धनसोली हाउसिंग बोर्ड के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 2 युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है रविवार दोपहर बाइक सवार जगदीश यादव और लक्ष्मी यादव रायपुर की ओर आ रहे थे इसी दौरान धनसोलाी हाउसिंग बोर्ड के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसायकल सवार को अपनी चपेट में ले लिया।

### चोरी का आरोप लगाकर पिटाई से युवक की हुई मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के दमकसा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोटूलमुन्डा में गांव के कुछ लोगो ने मवेशी की चोरी की आशंका में गोटूमुण्डा निवासी 21 वर्षीय राकेश दर्रो पिता मगतू राम दर्रो की पीटाई कर दी जिससे मौत हो गई। मृतक युवक के पिता मगतू राम ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनका पुत्र मृतक राकेश दर्रो गाय-बैल बेचने के लिए गढ़चिरौल ले जा रहा था। रास्ते में ग्राम पड़की में गांव के लोगो ने मृतक राकेश दर्रो के ऊपर मवेशी चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट किया गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा: अंग्रेजी माध्यम की तर्ज पर हर जिले में खुलेंगे स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट शासकीय स्कूल

### » छत्तीसगढ़ में महापुरूषों के नाम पर संचालित स्कूलों का होगा उन्नयन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राजधानी के आमापारा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत संचालित आर.डी. तिवारी शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में होनी चाहिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद के नाम से संचालित शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल की तर्ज पर अब प्रत्येक जिले में एक-एक हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट स्कूल खोलने की बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महापुरूषों के नाम से संचालित होने वाले स्कूल हमारी पहचान है। इन ऐतिहासिक स्कूलों का उन्नयन बहुउद्देशीय शाला के रूप में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के खेल मैदान के लिए 2 करोड़ रूपए की मंजूरी प्रदान की।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् को नमन करते हुए कहा कि पिछले वर्ष कोरोना के कारण शिक्षक दिवस का कार्यक्रम वर्चुअल रूप से आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडी तिवारी स्कूल में पहले मात्र 57 बच्चे पढ़ते थे। स्वामी आत्मानंद के नाम से अंग्रेजी माध्यम का शासकीय स्कूल प्रारंभ होने से अब यहां लगभग एक हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। स्वामी आत्मानंद के नाम से रायपुर शहर में तीन शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए, सभी वर्गों के बच्चों के साथ यहां ऐसे बच्चों को भी प्रवेश मिला है, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के हैं। यहां पढने वाले बच्चों की फीस, पुस्तक और गणवेश का पूरा खर्चा सरकार वहन कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आयोजित 'शिक्षा मड़ई' में कोरोना काल में नवाचार करने वाले शिक्षकों में मोटर सायकिल गुरूजी, सिनेमा वाले बाबू, श्यामपट वाले गुरूजी, लाउड स्पीकर क्लास, अंगना म शिक्षा, मुस्कान पुस्तकालय, जुगाड़ स्टूडियो, स्मार्ट क्लास, माटी कला से शिक्षा, पपेट शो, स्थानीय भाषा में शिक्षा और सहायक सामग्री के प्रयोगों को देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आवश्यकता ही अविष्कार की जननी है। कोरोना आपदा के अवसर में संकट में कैसे काम कर सकते हैं, छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने न केवल अदभूत कार्य करके दिखाया है, बल्कि यह भी साबित किया है कि 'छत्तीसगढियां सबले बढिया'। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरूआत रायपुर से की गई। इसके बाद जिलों में पहले 27, उसके बाद मांग बढने पर 52 की गई और इसके बाद अब 172 स्कूल संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों का यह कारवां और भी आगे बढ़ता रहेगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् को नमन करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद ने बस्तर के नारायणपुर में शिक्षा का ऐसा केन्द्र संचालित किया जिसकी प्रशंसा देश भर में रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हीं से प्रेरणा लेकर प्रदेश में उनके नाम से शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए हैं।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में अच्छे शिक्षकों के साथ शिक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई है। उन्होंने बच्चों से कहा कि माता-पिता के भरोसे पर खरा उतरने के लिए वे यहां मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें।

कार्यक्रम को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और महापौर रायपुर एजाज ढेबर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष खनिज विकास निगम गिरीश देवांगन, अध्यक्ष योग आयोग ज्ञानेश शर्मा, अध्यक्ष किसान आयोग सुरेन्द्र शर्मा, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. कमलप्रीत, कलेक्टर सौरभ, स्मार्ट सिटी रायपुर के सीईओ प्रभात कुमार सहित प्रशासन के अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य आर.के. गुप्ता, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## गर्ल्स हास्टल के पीछे जुआ खेलते चार जुआड़ी गिरफ्तार

### » जुआरियों से 11,740 रूपये नकदी जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 05-09-2021 के दोपहर 15:30 बजे गर्ल्स कॉलेज के पीछे जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पेट्रोलिंग द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को देखकर एक जुआड़ी दीवाल फांद कर भाग गया पकडे गये जुआडियान 1- अंकित कुमार अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल उम्र 32 वर्ष साकिन कोतरारोड रायगढ 2- अनमोल अग्रवाल पिता



राजकुमार अग्रवाल उम्र 28 वर्ष साकिन पुराना हटरी रायगढ 3- मो. यासीन पिता युनूस उम्र 28 वर्ष साकिन राजा चौक रायगढ 4- राजेश जैन पिता महेन्द्र कुमार जैन उम्र 38 वर्ष साकिन बीडपारा रायगढ के कब्जे से 11,740 रूपये 52 पत्ती तास एवं खेलने के लिए बिछाया गया रूमाल को जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## कनकबीरा पुलिस के हाथ आये दो चोर, खेत सिंचाई में लगे सबमर्सिबल पंप की करते थे चोरी

### » आरोपियों से चार पंप बरामद

**रायगढ़।** रात्रि गस्त दौरान आज दिनांक 05/09/2021 के सुबह चौकी प्रभारी कनकबीरा उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल को मुखबिर द्वारा दो व्यक्तियों को खेतों में सिंचाई के लिये सबमर्सिबल पंप की चोरी करने घूमते देखे जाने की सूचना दिया गया। चौकी प्रभारी हमराह आरक्षक गुलशन चौधरी के साथ दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया गया,पूछताछ में



एक ने अपना नाम बंसत पटेल पिता रामदयाल पटेल उम्र 26 साल निवासी पकलीडीह चौकी कनकबीरा एवं दूसरे ने अपना नाम डोरीलाल पिता दशरथ उम्र 32 साल निवासी तेंदुआ चौकी कनकबीरा थाना सारंगढ़ के होना बताये। कड़ी पूछताछ में दोनों अपने साथी दिलेश्वर के साथ असपास क्षेत्र तथा घोराघाटी लात नाला में लगे सबमर्सिबल पंप को चोरी कर घर में छिपाना बताये। दोनों के मेमोरंडम पर 2-2 नग 2 एचपी के चार सबमर्सिबल पंप कीमती 47,000 रूपये का बरामद किया गया है। अनके साथी दिलेश्वर के पास भी चोरी की सबमर्सिबल होना बताये हैं, जो फरार है। गिरफ्तार आरोपियों पर इस्तगाशा क्रमांक 03/2021 धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक के घर से 7 लाख की चोरी

### » सारंगढ़ पुलिस की तत्परता से तीन घंटों के भीतर चोरी की रकम के साथ पकड़ा गया अपचारी बालक

**रायगढ़।** थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला के साथ स्टाफ की सक्रियता एवं त्वरित कार्यवाही से आज सारंगढ़ सदर रोड में रहने वाले व्यापारी को 7,00,000 रुपए के भारी नुकसान से बचा लिया गया। व्यापारी सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल के घर कमरे के दराज में रखे 7,00,000 रुपए को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल सारंगढ़ थाने आकर चोरी की जानकारी देने पर सारंगढ़ पुलिस सघन पतासाजी में जुट गई और चंद घंटों में रुपए चोरी करने वाले अपचारी बालक को नगदी रकम के साथ पकड़ा गया है, जिसे चोरी के अपराध में किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ पेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 05/09/2021 के सुबह करीब 11:30 बजे सदर रोड सारंगढ में रहने वाले सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल (45 वर्ष) थाना आकर बताया कि इनका नया तालाब रोड में रामेश्वरलाल जुगलकिशोर के नाम पर इलेक्ट्रानिक दुकान है। सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल आगे बताये कि दुकान से सामान की बिक्री हुई रकम प्रतिदिन अपने घर में पिता जी के कमरे के प्लाईवुड के दराज में रख दिया करते थे। दराज का लाक खराब होने के कारण उस पर ताला नही लगा था। कल दिनांक 04.09.2021 को सुबह करीबन 09.00 बजे दराज में 7,65,000 रूपये गिनकर रखा था, फिर अपने दुकान चला गया था। रात करीब 08.30 बजे दुकान बंद कर वापस घर आकर बिक्री रकम रखने के लिये दराज को खोला तो देखा दराज में सिर्फ 65,000 रूपये बाकी थे, शेष 700000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी सारंगढ़ को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिन के समय घटित चोरी की वारदात पर जल्द सुलझाने, माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये महत्वूपर्ण दिशा निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया। थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा थाने के सारे विवेचकों को अपने-अपने बीट के आरक्षकों एवं मुखबिरों को सक्रिय कर जानकारी लेकर माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। इसी दरम्यान मुखबिर द्वारा एक किशोर को 5-5 सौ रूपये के बंटल जेब में रखकर घूमते हुये देखे जाने की सूचना दिया गया। तत्काल पुलिस पार्टी किशोर को अभिरक्षा में ली, किशोर बालक व्यापारी का जान परिचित था जिसे उनके घर परिवार की सारी जानकारी थी, पुलिस टीम संदेही से वैज्ञानिक तरीके पूछताछ किये जाने पर बालक द्वारा दिनांक 04/09/2021 के दोपहर व्यापारी के घर से नकदी रूपयों की चोरी करना स्वीकार किया। विधि उल्लंघनकारी बालक द्वारा काफी रूपयों को प्लास्टिक में रखकर अपने बाड़ी में जमीन में दबा दिया था तथा कुछ रूपयों को खर्च कर चुका था। अपचारी बालक के मेमोरंडम पर रिपोर्ट के मात्र 3 घंटे बाद 6,83,500 रूपये नकद बरामद हुआ है। रिपोर्टकर्ता सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल के रिपोर्ट पर दर्ज अप.क्र. 526/2021 धारा 454,380 आईपीसी में विधि उल्लंघनकारी बालक को आज किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला, प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, भुवनेश्वर पंडा, टीकाराम खटकर, आरक्षक श्याम प्रधान, विमल जांगड़े, जयराम साहू की सराहनीय भूमिका रही है।

## उप निरीक्षक की हत्या में शामिल एक लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना गंगालूर से डीआरजी एवं थाना गंगालूर की टीम सावनार, तोड़का, कोरचोली, पालनार की ओर निकली थी। अभियान के दौरान पालनार के जंगल से उप निरीक्षक का अपहरण कर हत्या में शामिल एक लाख के ईनामी नक्सली दारा ताती उर्फ सक्कु ताती पिता जुंगी ताती जाति मुरिया साकिन पालनार थाना गंगालूर को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार नक्सली दारा ताती उर्फ सक्कु ताती के विरूद्ध थाना गंगालूर में 09 नवंबर 2014 को पालनार गुण्डापारा के समीप आईईडी ब्लास्ट करने की घटना मे शामिल था जिसमें 01 आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया था। 06 सितंबर 2016 को तोड़का के जंगल में पुलिस पार्टी के साथ हुये मुठभेड़ में शामिल था, जिसमें कोबरा 204 के एक जवान के सीने में गोली लगी थी। 06 अगस्त 2020 को मुनगा-सावनार के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग की घटना में शामिल था। 24 अप्रेल 2021 को उप निरीक्षक मुरली ताती का अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल था। इसके विरूद्ध थाना गंगालूर में 04 स्थाई वारंट भी लंबित है। थाना गंगालूर में कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय बीजापुर में आज पेश किया गया।

## अपने पैरों से 150 पेंटिंग बनाने वाले गोकरण का कीर्तिमान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज

**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के प्रख्यात दिव्यांग कलाकार गोकरण पाटिल का नाम अब विख्यात गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। गोकरण ने अपने पैरों से 150 पेन्टिग बनाई।

इन पेंटिंग में आस-पास के परिवेश से लेकर देश और दुनिया की प्रख्यात हस्तियों की पेंटिंग शामिल हैं। हाल ही में गोकरण ने छत्तीसगढ़ की महामहिम राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिल कर उन्हें उनकी पेंटिंग भेंट की थी। जिस पर राज्यपाल ने उनकी हौसला अफजाई की थी। गोकरण के विश्व कीर्तिमान का प्रमाणपत्र गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस की अधिकृत संवाददाता



सोनल राजेश शर्मा ने रविवार को भिलाई स्थित उनके निवास पहुंचकर दिया। इस दौरान समाजसेवी संगठन गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लै व समस्त पारिवारिक स्वजन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा: शासकीय सेवकों को 12 से बढ़ाकर 17 प्रतिशत मिलेगा डीए

### » जिले के 14 हजार शासकीय सेवकों को मिलेगा लाभ, आठ सौ से 2800 रूपए तक बढ़ेगा वेतन

**कोरबा (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राज्य के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा से कोरबा जिले के लगभग 14 हजार शासकीय सेवकों को फायदा मिलेगा। अब शासकीय सेवकों को 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा जिससे उनका वेतन हर महीने 800 से दो हजार 800 रूपए तक




बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल ने कल ही राज्य के सभी शासकीय सेवकों, पेंशनरों को 12 प्रतिशत की दर से प्रदान किए जा रहे महंगाई भत्ता एवं राहत को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने की घोषणा की है। बढ़ी हुई महंगाई भत्ता का लाभ एक जुलाई 2021 से मिलेगा। जहां राज्य में चार लाख अधिकारी-कर्मचारी व सवा पेंशनरों को इसका लाभ मिलेगा तो वहीं जिले में 14 हजार अधिकारी कर्मचारी इससे लाभान्वित होंगे।

बीते डेढ़ वर्षों में राजस्व संग्रहण में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने तथा इस कोविड संक्रमण के दौर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों, किसानों, मजूदरों एवं अन्य प्रभावित वर्गों को आर्थिक सहायता, कोविड-19 के उपचार हेतु स्वास्थ्य अधोसंरचना के उन्नयन एवं आवश्यक दवा, सामग्री आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा सीमित संसाधनों से प्राथमिकता पर व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इन सबके कारण राज्य के संसाधनों पर अत्याधिक दबाव रहा है।

हर महीने एक करोड़ रूपए अतिरिक्त मिलेंगे - कोषालय अधिकारी जी. एस. जागृति ने बताया कि जिले में कुल 14 हजार शासकीय अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। 180 आहरण संवितरण अधिकारी कार्यालयों में कार्यरत इन अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन के तौर पर प्रतिमाह 20 करोड़ रूपए का भुगतान होता है। पांच प्रतिशत डीए में बढ़ोत्तरी से इन अधिकारी-कर्मचारियों को अब कुल मिलाकर हर महीने एक करोड़ रूपए अतिरिक्त मिलेंगे।

इनका इतना बढ़ेगा वेतन - राज्य शासन द्वारा डीए में बढ़ोत्तरी से शासकीय सेवकों को वेतन में न्यूनतम 800 रूपए से लेकर 2800 रूपए तक की बढ़ोत्तरी होगी। वर्गवार डिप्टी कलेक्टर के वेतन में 2800 रूपए, अपर डिवीजन क्लर्क 1500 रूपए, लोवर डिवीजन क्लर्क एक हजार रूपए एवं चतुर्थ श्रेणी के वेतन में 800 रूपए की बढ़ोत्तरी होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480